हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

तापमान

अधिकतम .0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

4 जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बरमकेला ब्लॉक से जल संगवारी अभियान की





## खबर संक्षेप

### 18 को लोक कला महोत्सव का आयोजन

**रायगढ़।** गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसम्बर को किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने हेतु अनुसूचित जाति के लोक कला नर्तक दलों से 16 दिसम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन निःशुल्क रहेगा। सहायक आयुक्तए आदिवासी विकास ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि गुरू घासीदास लोक कला महोत्सव योजना नियम वर्ष 2005 के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के वे कलाकार अथवा नर्तक दल जो पारंपरिक लोककला से जुड़े हैं। जैसे लोकगीत, लोकगायन, पंथी नृत्य, पंडवानी, भरथरी एवं परम्परागत लोक वाद्य प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर सकते हैं।

### आंबा केन्द्रों में मनाया गया ईसीसीई दिवस

**रायगढ़।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में परिवर्तन और नई पहल के तहत ईसीसीई दिवस जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया। उल्लेखनीय है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बीते अक्टूबर से माह के 10 तारीख को प्रतिमाह ईसीसीई दिवस मनाया जाता है। माह अक्टूबर से इसे नियमित रूप से आयोजन किया जा रह है। ईसीसीई आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को नियमित उपस्थिति अभिभावकों में प्रारंभिक बाल्यावस्था और आंगनबाड़ी की भूमिका के प्रति बढ़ती समझ तथा शिक्षिकाओं में नियमित गतिविधियां संचालित करने की प्रेरणा मिलती है। बाल्यावस्था में बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास तेजी से बढ़ता है इसलिए ईसीसीई दिवस का आयोजन किया जाता है।

### खेत में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**राउरकेला।** बंडामुंडा डी सेक्टर स्थित श्मशान घाट के निकट गुरूवार सुबह एक खेत में एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह खेतों में काम करने पहुंचे ग्रामीणों ने जब पानी और मिट्टी के बीच पेट के बल पड़े एक युवक को देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बंडामुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को आवश्यक कानूनी कार्रवाई का पीएम के लिए भेजा। मृतक की पहचान सी सेक्टर बस्ती निवासी 45 वर्षीय नरेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है जो एक निजी संस्था में कार्यरत थे।

## ड्रेनेज़ सिस्टम फेल, वार्ड में लगा ताला, माताओं को एमसीएच में किया गया शिफ्ट

# दो माह से एमएनसीयू वार्ड बना शो-पीस गर्भवती माताओं में संक्रमण का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मातृ शिशु अस्पताल एमसीएच में 38 लाख रुपए की लागत से बना 30 बेड का न्यू बोर्न केयर यूनिट एमएनसीयू बीते दो माह से शो-पीस बनकर रह गया है। जिससे गर्भवती माताओं में संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। वार्ड में ड्रेनेज़ सिस्टम का काम चलने से ताला लटका हुआ है ऐसे में मजबूरन माताओं को एमसीएच में शिफ्ट कर दिया गया है। देखा जा रहा था कि कई बार जन्म के बाद माताओं के बीमार रहने से उनके बच्चों में संक्रमण का खतरा बढ़ जाता था। इसके अलावा गयनिक वार्ड में भर्ती अन्य महिलाओं व बच्चों के साथ भी ऐसी स्थिति निर्मित होती थी। इसके लिए शासन से फंड की मांग की गई थी और स्वीकृति भी मिल गई। इसके बाद एमसीएच बिल्डिंग परिसर में ही 30 बेड का एमएनसीयू वार्ड बनाया गया जिसका निर्माण बीते जुलाई 2023 में पूरा हो गया था। इसके कुछ माह बाद इसमें अलग से उपचार भी होने लगा, लेकिन बीते दो माह से इस वार्ड में ताला लटका है। बताया जा रहा है कि यहां का ड्रेनेज़ सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया था, दीवारों से लेकर छत तक सभी तरफ सिपेज़ से यहां गर्भवती माताओं का रहना खतरे से कम नहीं था। इसी वजह से माताओं को एमसीएच के ही बिल्डिंग में गायनिक वार्ड के बगल में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं सीएमएससी द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है। जल्द वार्ड में इलाज शुरू होने की बात कही जा रही है। हालांकि एमएनसीयू स्पेशल वार्ड है इसलिए एमसीएच में संक्रमण का खतरा बना हुआ है।




### बच्चों के लिए पहले से है व्यवस्था

बीमार या संक्रमित बच्चों के उपचार के लिए एमसीएच में पहले से ही व्यवस्था है। यहां 20 बेड का स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट एसएनसीयू बनाया गया है। जिसमें बच्चों का इलाज किया जाता है। यहां कमी थी तो सिर्फ एमएनसीयू की, लेकिन इसके बन जाने से अब वह समस्या भी दूर हो गई, लेकिन वर्तमान में यह यूनिट बंद है।

### सांप लोक बन गया था एमसीएच

एमसीएच पहाड़ और जंगल के बीच बना है। यहां शुरू से ही जहरीले जीव जंतु का खतरा रहता है। पूरे अस्पताल का ड्रेनेज़ सिस्टम फेल होने से इस साल बारिश के दिनों में यह अस्पताल सांप लोक बन गया था। अस्पताल के सभी वार्ड में नाग से लेकर अन्य जहरीले सांप निकल रहे थे। जिससे पूरे अस्पताल में हड़कंप मच गया था। मरीज से लेकर डॉक्टर्स व स्टॉफ भी डरे सहमे रहते थे, जिससे आनन फानन में ड्रेनेज सिस्टम को सुधारा गया। वहीं अब एमएनसीयू में सुधार का काम चल रहा है।

### एमसीएच में शिफ्ट

एमएनसीयू वार्ड में बीते दो माह से ड्रेनेज़ सिस्टम में सुधार का काम चल रहा था। इसलिए वार्ड को बंद कर गर्भवती माताओं को एमसीएच में शिफ्ट कर दिया गया है। संभवतः सोमवार से वार्ड खुल जाएगा।

**डॉ. दिनेश पटेल**
सिविल सर्जन, केजीएच।

## पहले बिना जांच जमा कर लिया खराब चावल, अब विभाग ही दे रहा प्रमाण पत्र


कई गांव के दुकानदारों ने एसडीएम और फूड इंस्पेक्टर से की है लिखित शिकायत

लैलूंगा की पीडीएस दुकानों में खराब चावल की सप्लाई, एसडीएम को लिखना पड़ा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पहले तो राइस मिलरों से बिना जांच खराब चावल जमा कर लिया और अब खुद विभाग ही खराब चावल का प्रमाण पत्र दे रहा है। यह मामला लैलूंगा का है जहां के राशन दुकानों में पाखड़ चावल आपूर्ति करने का मामला सामने आया था। दुकानदारों ने एसडीएम और फूड इंस्पेक्टर को पाखड़ चावल आपूर्ति करने लिखित में शिकायत किया था। इसके बाद लैलूंगा एसडीएम व फूड इंस्पेक्टर ने भी नॉन को पत्र लिखा था और अच्छी गुणवत्ता की चावल सप्लाई करने कहा था। दूसरी ओर पाखड़ चावल का मामला सामने आने के बाद गुरुवार को रायगढ़ से नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने भी दुकान में आपूर्ति की गई चावल की जांच की। इस दौरान कुछ चावल का पाला युक्त याने पाखड़ और कुछ चावल को कम गुणवत्ता का रिपोर्ट दिया है। याने विभाग के अधिकारी खराब चावल सप्लाई को स्वीकार कर रहे हैं। अब जो खराब चावल सप्लाई हुई है उसे बदल कर दोबारा सप्लाई करने की बात पंचनामा रिपोर्ट में कही गई है। इस पंचनामा में लैलूंगा फूड इंस्पेक्टर, केंद्र प्रभारी लैलूंगा और रायगढ़, तकनीकी सहायक लैलूंगा, दुकान संचालक सरपंच, विक्रेता और ग्रामवासियों का साइन है। लैलूंगा के गेरुपानी के राशन दुकान में जांच की गई है।

**खास बात**

- गुरुवार को जांच करने पहुंचे थे नॉन के क्वालिटी इंस्पेक्टर, खराब चावल बदलने का दिया रिपोर्ट

## प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रधान न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने जिला जेल का निरीक्षण किया। इस बीच बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, बैरक निर्माण, जेल बिल्डिग व्यवस्था एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। साथ ही जिला जेल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गये निर्देशानुसार बोर्ड आफ विजिटर्स के द्वारा जिला जेल जांजगीर का निरीक्षण बुधवार 10 दिसंबर को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा शक्ति सिंह राजपूत, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर मनोज कुमार कुशवाहा, कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान उप पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार, अधीक्षक श्री डी.डी. टोडर उप जेल, अधिवक्ता लीगल एट डिफेंस काउंसिल विष्णु प्रसाद अग्रवाल, पैरा लीगल वालेंटियर लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता के संबंध में जिला जेल लीगल एड क्लिनिक की व्यवस्थाओं, जेल में स्थापित व्हीसी कक्ष, जेल बिल्डिंग की व्यवस्था, बैरकों के निर्माण, मुलाकात कक्ष, आदि समस्याओं का जायजा लिया।



### दो साल से पिता ही लूट रहा था अस्मत, गिरफ्तार

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में मानवता को शर्मासार करने वाली एक घटना सामने आई है। एक पिता अपनी ही 16 साल की बेटी को डरा धमकाकर दो साल से उसकी अस्मत को लूट रहा था। घटना के बाद बालिका ने हिम्मत जुटा कर आपबीती अपनी मां को बताई तब मामला थाना पहुंचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसारए चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 साल की एक नाबालिग लड़की अपने माता-पिता और दो छोटे भाइयों के साथ रहती है। उसकी मां दूसरों के घरों में काम करती है, जबकि उसका पिता घर पर ही रहता था और कोई काम नहीं करता था। वह अक्सर बच्चों को छोटी-छोटी बातों पर मारता था। 26 जनवरी 2023 को लड़की नए कपड़े पहनकर अपनी सहेलियों के साथ पार्क में घूमने गई थी और वहां फोटो खिंचवा रही थी। तभी उसके पिता ने उसे देख लिया।

## ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर जानलेवा हमला

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोइरदादर के बदमाशों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बीती रात आरोपियों ने एक ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर जानलेवा हमला करते हुए उसके कार में तोड़फोड़ कर दिया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पंकज कुमार महथा ने चक्रधरनगर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। बीती रात करीब 10.30 बजे पंकज कुमार अपने ग्राहक सेवा केंद्र को बंद कर घर जाने के लिए निकले थे। तभी उनकी पत्नी ने उन्हें फोन कर चक्रधरनगर चौक से घरेलू सामान लाने के लिए कहा। पंकज कुमार अपनी कार से चक्रधरनगर चौक गए पर रात अधिक हो जाने से सारी दुकान बंद हो गई थी। पंकज वापस अपने निवास स्थान कृष्ण वाटिका जा रहे थे तभी उन्होंने कार के साइड मिरर से देखा कि बोईरदादर चौक से कुछ लड़के हाथ में डंडा व राड लेकर दोपहिया वाहन से उनका पीछा करते आ रहे हैं। लड़कों ने पंकज कुमार को रूकवाने की कोशिश की। पंकज कुमार ने उन लड़कों में से मनीष सावलानी और बब्बन सावलानी को पहचान लिया। क्योंकि पूर्व में पंकज कुमार और मनीष सावलानी के बीच पुराने मामले को लेकर मन में रंजिश था। इसी बात को लेकर बब्बन और मनीष पंकज को रूकवाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पंकज अपनी कार को किसी प्रकार से आगे बढ़ा लिया और अपनी कालोनी के गेट के पास मोड़ने के लिए धीमा किया। तभी बब्बन सावलानी ने रॉड मार कर पंकज की कार के पीछे वाली कांच को तोड़ दिया और कार के सामने अपनी गाड़ी अड़ा कर पंकज का रास्ता रोक दिया। बब्बन और मनीष सहित सभी लड़कों ने पंकज को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने उन पर हलमा करते हुए कार को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### आवारा कुत्तों को लगाया रैबीज इंजेक्शन

**रायगढ़।** नगर पंचायत किरोड़ीमल नगर क्षेत्र अंतर्गत पशु चिकित्सा के डॉक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी और कार्यालय के अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में आवारा कुत्ते को पड़कर डॉक्टरों द्वारा एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया और नसबंदी भी की गई।



## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी (पॉस्को) देवेन्द्र साहू के कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, वहीं अलग-अलग धाराओं में 6 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। शासन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने की है।

नाबालिग के पिता ने चक्रधरनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पत्नी व तीन बेटियां हैं। उसकी बड़ी बेटी 8वीं तक पढ़ाई करके छोड़ दी है। 30 अप्रैल 2024 की सुबह करीब 11.30 बजे वह अपनी छोटी बहन की अंकसूची लेने स्कूल जाने की बात कहते हुए घर से निकली थी और काफी देर तक घर नहीं लौटी।

ऐसे में स्कूल, परीचितों और रिश्तेदारों के यहां उसकी खोजबीन शुरू की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद नाबालिग के पिता ने आशंका जाहिर की कि उसकी बेटी को कोई बहला-फुसला कर भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। इस बीच पुलिस को पता चला कि पड़ोस के शुभम निषाद का नाबालिग के साथ घूमना-फिरना था और वह भी उसी दिन से लापता है। इसके बाद पुलिस संदेही के गृहग्राम सराईपाली पहुंची तो पता चला कि वह प्रयागराज उत्तर प्रदेश चला गया है। इस तरह संदेही बार-बार इधर-उधर भाग रहा था। इसी बीच पुलिस ने उसे 26 सितंबर को रायपुर में पकड़ लिया और उससे पूछताछ के बाद नाबालिग को खमतराई रायपुर के एक किराए के मकान से दस्तयाब किया गया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि शुभम निषाद उसे शादी का वादा कर भगा ले आया और 5 माह तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, जिससे वह चार माह की गर्भवती हो गई है। पीड़िता के कथन के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है।

### सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# धान खरीदी केंद्र पर कांग्रेस का हल्ला बोल जय स्तम्भ चौक में गूंजी किसानों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धान खरीदी में लगातार हो रही अव्यवस्थाओं के विरोध में गुरुवार को घरघोड़ा के जय स्तम्भ चौक में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में धरमजयगढ़ विधायक लालजीत सिंह राठिया, लैलूंगा विधायक विद्यावती सिदार, घरघोड़ा एवं तमनार ब्लॉक के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक लालजीत सिंह राठिया ने प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि किसानों को हो रही परेशानी का जवाब यहाँ भी देना होगा और विधानसभा में भी देना होगा। पहले पानी पिलाए थे, अब शराब पिलाएंगे। उनकी इस टिप्पणी ने सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया। नेताओं ने सरकार को घेरते हुए धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया। प्रदर्शन में कांग्रेस ने धान खरीदी को लेकर अपनी सात प्रमुख मांगें प्रशासन के सामने रखीं जिसमे ऑनलाइन टोकन उपलब्ध न होने से किसानों की परेशानी बढ़ी है, इसलिए ऑफलाइन टोकन जारी किए जाए। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का प्रावधान लागू किया जाए। एग्रीस्टेक के तहत घटाए गए रकबे को तत्काल पुनः जोड़ा जाए। धान की नमी का सटीक और निष्पक्ष आंकलन सुनिश्चित किया जाए। जमीन के रकबे के अनुरूप टोकन की संख्या बढ़ाई जाए। किसानों की आपात स्थितियों में टोकन की तिथि बढ़ाने की व्यवस्था की जाए। कर्मचारियों की हड़ताल से खरीदी में हुई देरी को देखते हुए धान खरीदी अवधि बढ़ाई जाए। प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिव शर्मा तमनार के बिहारी पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान और स्थानीय नेता उपस्थित रहे।



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्धोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइजुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण** – 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु[illegible]नीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण** – 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### बंडामुंड बिसरा मुख्य मार्ग पर धूल के गुबार

**राउरकेला।** बंडामुंडा बिसरा मुख्य मार्ग पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य तेजी से जारी है। कपाटमुंडा चौक से संतोषपुर तक सड़क के दोनों ओर बड़े पैमाने पर मिट्टी डाली गई है, लेकिन निर्माण कार्य संभाल रही ठेका संस्था द्वारा नियमित पानी का छिड़काव नहीं करने के कारण इलाके में धूल के गुब्बार उड़ने की समस्या गंभीर रूप धारण कर चुकी है। दोपहर के समय जैसे ही वाहनों की आवाजाही बढ़ती हैए सड़क पर भारी मात्रा में धूल उड़ने लगती है। इसका सबसे अधिक प्रभाव स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। धूल के कारण उन्हें रोज़ गंदे कपड़ों और चेहरे पर जमी मिट्टी के साथ ही स्कूल कॉलेज पहुँचना पड़ रहा है। वहीं नौकरीपेशा लोग भी धूल.मिट्टी से सने हाल में दफ्तर पहुँचने को मजबूर हैं।

### सुरक्षित आश्रय केंद्र में असुरक्षा बंदियों का वायरल हुआ रील्स

**राउरकेला।** 14 वर्ष से उपर के बाल व किशोर कैदियों के राउरकेला स्पेशल जेल से सटा ओडिशा का एकमात्र सुरक्षित आश्रय केंद्र प्लेस ऑफ सेफ्टी इन दिनों सुरक्षा से ज्यादा असुरक्षा के कारण सुर्खियों में है। यहां से गंभीर रील्य वायरल हो रही है। जानकारी के अनुसार बंदियों ने केंद्र के साथ मिलकर भीतर मौजूद मोबाइल से एक युवती से हाथ मेरा थाम लो साथ जब तक हो जैसे गानों पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। बाद में इन्हें डिलीट कर दिया गया, लेकिन तब तक वीडियो शहर भर में चर्चित हो चुका था। कुछ बंदी तो अलग.अलग हिंदी गानों पर खुद को डॉन प्रस्तुत करते हुए भी रील्स बना रहे हैं। सीसीटीवी में कैद युवतियों और बंदियों के कई दृश्य अब लोगों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने के बावजूद सेल के अंदर मोबाइल कैसे पहुच रहा है, कौन लोग इन्हें अनुमति दे रहे हैं इसकी विधिवत जांच की आवश्यकता है। ओडिशा के 30 जिलों में हुए विभिन्न अपराधों में पकड़े गए लगभग 95 से अधिक बंदी यहां रह रहे हैं।

### वन अधिकार कानून आदिवासियों के हित में : बेहरा

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ विकास भवन में स्वैच्छिक संस्था सेवक और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी, भुवनेश्वर के संयुक्त प्रयास से सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना पर एक दिवसीय अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सेवक के वरिष्ठ कार्यकर्ता वेदव्यास धुरुआ के स्वागत भाषण और मंच संचालन के साथ हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता उप जिलापाल तेजस्विनी बेहरा ने की। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियमए 2006 अनुसूचित जनजाति और परंपरागत वनवासी समुदायों के ऐतिहासिक अन्याय को दूर करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। बेहरा ने यह भी कहा कि सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना न केवल जंगल संरक्षण को मजबूत करेगीए बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका सुधार में भी मार्गदर्शक सिद्ध होगी। समन्वित आदिवासी विकास परियोजना के परियोजना प्रशासक धीरेंद्र कुमार सेठी ने इस योजना को वन संरक्षण और समुदाय विकास का प्रभावी माध्यम बताया। सुंदरगढ़ वन प्रखंड के सहायक वन संरक्षक राजकुमार सेठी ने जंगलों की सुरक्षा, प्रबंधन और पुनर्जनन पर विशेष जोर दिया। सेवक के अध्यक्ष अमियकांत नायक ने योजना के उद्देश्य और महत्व पर विस्तार से जानकारी साझा की। मुख्य प्रशिक्षक एफईएस के विरंचि पाइकराय ने वन अधिकार अधिनियम की वर्तमान स्थिति, अधिकारों के प्रकार, ग्रामसभा और विभिन्न समितियों की भूमिकाए तथा सामुदायिक वन संसाधन योजना के निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया।

### बच्चों ने किया पोस्ट ऑफिस स्मार्ट प्वाइंट का शैक्षणिक भ्रमण

जशपुरनगर। देव पब्लिक स्कूल किड्स सेक्सन एवं डीपीएस प्राइमरी बालाजी जशपुर द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा में पहली से पाँचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

7 लाख 61 हजार लोग हैं बीपीएल कार्डधारी, नियमों का नहीं होता पालन

# जिले के 70 फीसदी लोग हैं सरकारी राशन के भरोसे, अब होगी छंटनी




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ। जिले के करीब 70 फीसदी लोग आज भी सरकारी राशन के भरोसे अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यह हम नहीं बल्कि खाद्य विभाग के आंकड़े कह रहे हैं। जनगणना में जनसंख्या के आंकड़े और बीपीएल कार्डधारियों के संख्या से यह अंतर साफ जाहिर होता है। जिले में वर्तमान में 7 लाख 61 हजार से अधिक लोग बीपीएल कार्डधारी हैं। कार्ड में बनाने में नियमों का नहीं पालन नहीं होने की वजह से इस तरह के हालात निर्मित होने की बात कही जा रही है। हालांकि अभी छंटनी हो रही है। ऐसे में यह संख्या कम होगी या बढ़ेगी जांच के बाद ही सामने आएगा। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल आबादी 11 लाख 12हजार 982 है, वहीं इसमें से 7 लाख61 हजार 87 लोग आज भी अंत्योदय की कैटेगरी में आते हैं। इतने लोग शासकीय दुकानों से मिलने वाले राशन एवं अन्य प्रकार की सुविधाओं के भरोसे जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि अंत्योदय कार्डधारी या प्राथमिक कार्डधारी की लिस्ट में निराश्रित, वृध्द,अंत्यंत गरीब,दिव्यांग, परित्यक्ता, विधवा एवं सिकलसेल,एनीमिया एवं अन्य गंभीर जानलेवा बीमारियों से ग्रसित लोग शामिल होते हैं। इस कार्ड के लोगों को राशन दुकानों से हर माह निशुल्क चावल, शक्कर उपलब्ध कराया जाता है। कोरोना काल से पहले तो गरीबी रेखा कार्ड के लोगों से कुछ राशि लेकर राशन प्रदान किया जाता था, लेकिन कोरोना के बाद से फ्री में राशन दिये जाने की शुरूआत की गई जो आज तक चल रही है।

■ साल में कई बार होती है वेरीफिकेशन, लेकिन कम होने के बजाए बढ़ जाती है संख्या

### कार्ड बनानें में नहीं होता नियमों का पालन

बीपीएल कार्ड बनाने के लिए सरकार द्वारा दो शर्तें रखी गई हैं। पहला शर्त व्यक्ति को आयकर दाता नहीं होना चाहिए और दूसरी उसके पास 5 एकड से अधिक कृषि या सिंचित भूमि नहीं होनी चाहिए। पहले राशन कार्ड बनाने की जिम्मेदारी नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतो को दी गई है और यहां राशनकार्ड बनानें के लिए किसी नियमों का पालन नहीं किया जाता और ना ही धरातल पर जाकर उसकी जांच की जाती है। जिसने फार्म भरा उसका कार्ड बन गया और जिनका नहीं बनता उनका, जनप्रतिनिधि अपने फायदे के लिए बनवा देते हैं। इसी का नतीजा है कि हर साल गरीबी रेखा कार्डधारी की संख्या में बढोत्तरी ही देखने को मिल रही है।

### श्रमकार्ड वालों को प्राथमिक कार्ड ही मिलेगा

शासन के निर्देशानुसार जिस व्यक्ति के पास श्रमकार्ड होगा उसका प्राथमिक कार्ड ही बनाया जाएगा,यहां तक की उसका धरातलीय परीक्षण भी नहीं किया जाएगा। जबकि श्रमकार्ड बनाने के लिए कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से ही आधार की जानकारी डालकर, श्रमकार्ड जनरेट कर सकता है।

### 2001 की सर्वे सूची में नाम होना जरूरी

नियम के अनुसार अगर देखा जाए तो अंत्योदय या प्राथमिक कार्ड बनवानें के लिए उस संबंधित व्यक्ति का 2001 की गरीबी सर्वे सूची में नाम होना जरूरी है। उसके बाद भी आवेदन कर्ता का परीक्षण किया जाता है, उसके बाद ही उसे कार्ड उपलब्ध कराया जाता है।

### कार्ड की जांच की जा रही है

राशनकार्ड निकायों में बनाए जाते हैं। किसी भी व्यक्ति को गरीबी रेखा कार्ड बनवाने के लिए सर्वे सूची में अपना नाम दिखाना होता है। अभी कार्ड की जांच विभाग द्वारा की जा रही है, जिसमें उम्मीद है बहुत सारे ऐसे बोगस कार्ड कम हो जाएंगे। उसके बाद स्थिति और साफ हो सकेगी।

-**चितरंजन सिंह**, जिला खाद्य अधिकारी

## जमीन सौदे का बदला ट्रेंड शहर में हुई कम वहीं गांवो में बढ़ रहे सौदे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जमीनों के बाजार मूल्य में 9 सालों के बाद संशोधन नें रियल एस्टेट बाजार की पूरी दिशा बदल कर रख दी है। 20 नवंबर से लागू की गई गाइडलाइन दरों नें शहरो और कस्बों की महंगी जमीनो की बिक्री पर स्पष्ट असर डाला है। जिले में जमीनों की खरीदी बिक्री मे गिरावट देखी गई। पंजीयन विभाग के आंकडों के मुताबिक नई दरों के लागू होनें के बाद भी राजस्व में ज्यादा गिरावट दर्ज नही की गई है। इसका एक प्रमुख कारण ग्रामीण इलाकों में अभी भी जमीनों के सौदे बढ रहे हैं।

पंजीयन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शहरों की हाई वैल्यू जमीनों पर 15 से 40 प्रतिशत तक की वृध्दि दर्ज की गई है। इस वृध्दि ने बडी डील्स को धीमा कर दिया है। खरीददार फिलहाल वेट एंड वाच मोड पर है। वहीं ग्रामीण इलाकों की जमीनों पर मूल्यांकन अब वर्गमीटर की बजाए हेक्टेयर में होनें से इन पर नए दरों का ज्यादा असर नहीं देखनें को नहीं मिला है। इससे गांवों की जमीनें खरीददारों के लिए सुलभ और लाभकारी नजर आ रही है। डायवर्ट जमीनों पर पहले लगनें वाले अतिरिक्त शुल्क हटने से उनकी बिक्री भी बढी है।

### बेहतर रिटर्न की उम्मीद से गांव के तरफ झुकाव

ग्रामीण और डायवर्ट जमीनों पर खरीददारों की रूचि तेजी से बढी है। खरीददार इन्हें बेहतर रिटर्न और कम लागत और बेहतर रिटर्न के आधार पर सुरक्षित निवेश मान रहे हैं।डायवर्ट जमीनों से अतिरिक्त शुल्क हटना इनकी खरीदी को और सरल बना रहा है। वहीं गांवों में डिजिटल सुविधा अभी सीमित है। खरीददार नई दरों के अनुरूप व्यवहारिक विकल्प तलाशते हुए गांवों की तरफ झुक रहे हैं।

### नई गाइडलाइन आने के बाद रजिस्ट्री की संख्या

नई गाइडलाइन आनें के बाद रायगढ पंजीयन कार्यालय में कुल 82 रजिस्ट्रियां हुई हैं। पुसौर में 34, घरघोडा में 31, धरमजयगढ में 14,सरिया में 15 और सारंगढ में 67 रजिस्ट्रियां हुई हैं।

### संसोधन किया गया है

नई गाइडलाइन को लेकर लोगों में काफी भ्रम का माहौल निर्मित हो गया था। लेकिन इसका ज्यादा प्रभाव नहीं पडा।सरकार के द्वारा फिर से संशोधन किया गया है, उम्मीद है जिन्होंने टोकन लिए थे अब वे दस्तावेज लेकर खरीददारी को बढायेंगे।

**दीपक मडावी**, पंजीयक, रायगढ

## जेपीएल तमनार में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन




**तमनार।** जिंदल पावर लिमिटेड तमनार के गारे पालमा 4/1, 4/2 एवं 4/3 कोल माइंस में सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ष्वार्षिक कोल माइंस सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रमिकों ठेका कर्मियों तथा खनन संचालन से जुड़े अधिकारियों को सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आवासीय कालोनी सावित्रीनगर में प्रभात फेरी, विद्यालयों में चित्रकला, निबंध, प्रश्नमंच प्रतियोगिताओं, सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये हेलमेट वितरण, गांव-गांव में आमजनमानस को सुरक्षा संदेश देने के लिए सुरक्षा रथ व नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में आज गारे पालमा माइंस परिक्षेत्र में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन बीबी सतियार, निदेशक, खान सुरक्षा रायगढ़ के मुख्य आतिथ्य में प्रकाश, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, माइंस गारे पालमा, परीमल मावावाला, पर्यवेक्षक, रायगढ़, विपिन कुमार सिंह, टीम लीडर, एजेंट परसा इस्ट केंटा बेसिन, भुपेन्द्र पुरी गोस्वामी, इंजिनियर, छाल, निधीराज सिंह के गरीमामय उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। इस दौरान को प्रथमतया प्रकाश ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में सम्बोधन सुरक्षा मापदंड पर विस्तृत परिचर्चा करते हुए कहा कि सुरक्षा चाहे वह सड़क की हो या माइंस की इसका अनुकरण व पालन करना हम सभी की व्यक्तिगत व नैतिक जिम्मेदारी है। सुरक्षा नियमों का अनुशरण करते हुए हम अपने साथ अपने परिवार एवं आम नागरिकों को भी सुरक्षित रखने में समर्थ होते हैं। कई बार छोटी छोटी सुरक्षा नियमों की अवहेलना से हम दूर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं। उन्होनें जोर देते हुए कहा कि सुरक्षा की भावना को अपने संस्कारों में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। पढ़ने मात्र से सुरक्षा नहीं होती वरन इसे अपने दैनिक जीवनचर्या में सम्मिलित करना आवश्यक है। कई बार फैशन और दिखावे के कारण दूर्घटनाग्रस्त होते हैं। उन्होनें सुरक्षा प्रथम के संदेश को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान विपिन सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन केवल दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक होते हैं, बल्कि कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति सतत सकारात्मक सोच विकसित करते भी महत्वपुर्ण भमिका का निर्वहन निर्वहन करते हैं। परीमल मावावाला ने अपने सम्बोधन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि खनन क्षेत्र में शून्य दुर्घटना संस्कृति स्थापित करना को सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। उन्होनें कहा कि खदानों में अपनाए जा रहे आधुनिक सुरक्षा उपायों के अनिवार्य उपयोग, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और तकनीकी नवाचारों पर विस्तृत परिचर्चा की।

## तेतला में न रोड बना न नाली बस्ती के बीच में बह रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर



तहसील मुख्यालय पुसौर से सैकड़ों चार पहिया और मोटर साइकिल एनएच से रायगढ सारंगढ में होकर जाने के लिए तेतला बस्ती होकर जाते हैं और जहां पिछले 30 साल के इतिहास को देखा जाए तो मुश्किल से इसमें राहगीरों को कुछ साल ही आसान हुआ है।


शेष समय में उबड-खाबड और बहते नाली में पार होकर जाना होता है। बताया जाता है कि बीते पंचायत चुनाव में चुनाव जीतने के बाद सड़क बनाने का वादा किया गया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद आधे निर्माण कर अधूरा छोड़ दिया गया। अधूरा निर्माण के कारण पानी बीच बस्ती में बह रहा है और रास्ते भी उबड़-खाबड़ है जिसमें लोग चलने के लिए मजबूर है। सरपंच द्वारा बनाया गया आधे अधूरे नाली व सडक को जानकार बताते हैं कि ये मनरेगा से बनाया गया है।

## अवैध शराब कोचियों पर कार्रवाई 311 लीटर महुआ शराब जब्त



**बिलाईगढ़।** थाना बिलाईगढ़ पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 311 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बगलोटा गांव में छापामार कार्रवाई कर कुल 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 311 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 31 हजार 100 रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी दुर्गा रॉय पति संतोष रॉय 39, धुरवा लाल नवरत्न 57 अजय सिंह नवरत्न 29, हेम कुमार नवरत्न 39 वर्ष सभी आरोपी निवासी ग्राम बगलोटा थाना बिलाईगढ़ हैं।

## नपं चंद्रपुर में अलाव की व्यवस्था नहीं कड़ाके की ठंड में बढ़ी लोगों की परेशानी




**चंद्रपुर।** मां चंद्रहासिनी की पवित्र नगरी इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। कड़ाके की ठंड से आमजन बेहाल हैं, लेकिन नगर पंचायत की ओर से अभी तक अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। धार्मिक नगरी होने के कारण प्रतिदिन सुबह 4 बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दर्शन हेतु नगर पहुंचते हैं, मगर ठिठुरन भरी सुबह में उन्हें राहत देने के लिए अलाव का प्रबंध न होने से श्रद्धालु व नगरवासी दोनों परेशान हैं।

नगर के प्रमुख स्थल जैसे बस स्टैंड, मेन रोड, मंदिर मुख्य द्वार के सामने, मंदिर तिराहा, यादव मोहल्ला स्थित तुलसी मानस मंच, देवांगन मोहल्ला कुंआ चौक, भारत माता चौक, बड़े हटरी देवी गुड़ी, हाई स्कूल चौक तथा शसीपुर क्षेत्र के कई वार्डों में अलाव की व्यवस्था नदारद है।

इन स्थानों पर रोजाना हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं, लेकिन ठंड से बचाव के लिए किसी भी तरह का इंतजाम नहीं दिख रहा। लोगों का कहना है कि कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था न किया जाना गंभीर लापरवाही है। वहीं नगर में लगी लोहे की बेंचें भी कई स्थानों से गायब हो गई हैं, जिनमें से कई कथित रूप से घरों की शोभा बढ़ा रही हैं।

## ठेकेदार ने रख ली नगर पंचायत की सरकारी फाइल, 24 घंटे में जमा करने की नोटिस




**पुसौर।** ठेकेदार उमाचरण गुप्ता ने नगर पंचायत पुसौर का सरकारी फाइल अपने पास रख ली है। उसे 24 घटे के भीतर जमा करने नोटिस दी गई है। इस अवधि में फाइल जमा नहीं की गई तो ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की की चेतावनी दी गई है। इसके लिए विधिवत ठेकेदार के मोदी नगर रायगढ स्थित निवास में नोटिस भेजी गई है। इसके पूर्व कई बार मौखिक रूप से बोला गया था, लेकिन जमा नहीं की गई। जानकारी के मुताबिक वार्ड क्रमांक 15 स्थित स्टेडियम में क्रिकेट बाक्स एलइडी लाइट सहित निर्माण कार्य की नस्ती उमाचरण गुप्ता द्वारा अवैधानिक तरीके से बीते सितम्बर से अपने पास रखा गया है। इसके लिये कार्यालय द्वारा कई बार मौखिक निर्देश भी दिया गया। अब ठेकेदार को नगरपंचायत की ओर से बीते 9 दिसम्बर को अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

## रिजर्व फिल्ड में बच्चों ने क्रीड़ा स्पर्धा में दिखाया दमखम



**राउरकेला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एसएसवीएम शिवाजी मार्ग का 45वां वार्षिक क्रीड़ा उत्सव 2025-26 बुधवार को रिजर्व पुलिस मैदान में उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि उदय कुमार राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाए जबकि प्रीति लहरे भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। प्रेरणादायी स्वागत गीत गिर कर उठना, उठ कर चलना ने वातावरण में ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर दौड़, 3000 मीटर वॉक, हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, जेवेलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। तीन वर्गों के चैंपियन के रूप में किशोर वर्ग से वीर कुमार श्रेष्ठ, आलोक साहनी और किंजल साहू, बाल वर्ग से दीपू सारला तथा शिशु वर्ग से देव सोय को सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रक्षित अग्रवाल और विभा अग्रवाल सहित रीना अग्रवाल तथा अमर सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सारबिला दृष्टि का कलेक्टर-एसपी ने किया उद्घाटन



कटेली। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे व एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा 11 दिसंबर को सारबिला दृष्टि नामक एकीकृत कैमरा निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया गया। जिसमे 30 नए व 7 पुराने कैमरों के माध्यम से शहर पर पैनी निगाह रखी जाएगी। जिले में लगातार हो रही छोटी-बड़ी घटनाओं पर अब प्रशासन की नज़र पहले से कहीं ज्यादा सतर्क होगी। एक्सीडेंट और यातायात उल्लंघन के साथ -साथ आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने सारंगढ़ पुलिस ने शहर भर में हाईटेक निगरानी व्यवस्था शुरू कर दी है। इन कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग जिले के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, गढ़चौक, बस स्टैंड, दानसरा सहित शहर के सभी एंट्री एवं एग्जिट रूट पर हाई.क्वालिटी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिससे अपराधों और सड़क दुर्घटनाओं व यातायात व्यवस्था पर भी बेहतर नियंत्रण मिल सकेगा।

## मजूदर एकता सेवा समिति के सदस्यों ने किया रक्तदान



**छाल।** छाल खुली खदान के अंतर्गत ओवरबर्डन कार्य में लगे ठेका कंपनी रामकृपाल प्रा.लि में कार्यरत श्रमिकों द्वारा गठित मजदूर एकता सेवा समिति आज कल सेवा की नई मिसाल पेश कर रही है। अपने श्रमिक साथियों के सुख-दुख में तो हमेशा साथ रहती ही है पर बाहर में भी किसी भी जरूरतमंद की हरदम मदद को तैयार रहती है। विगत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल अशोक यादव जिनका इलाज जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ में चल रहा था जिनको ब्लड की सख्त जरूरत थी। जानकारी मिलने पर मजदूर एकता सेवा समिति छाल के बलिन्दर ठाकुर, बोधन चौहान, नारायण सिंह चौहान, जितेंद्र लोहरा के द्वारा 4 यूनिट रक्तदान अस्पताल में किया गया। जहां अब मरीज की हालत बेहतर है। इस तरह से इन श्रमिकों द्वारा निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर पीड़ति परिवार की मदद की गई जो प्रशंसनीय है, मजदूर एकता सेवा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी तक़ उनके यूनियन द्वारा अब तक़ निशुल्क 195 यूनिट रक्तदान किया गया है। ठाकुर ने जानकारी दी कि ज़ब भी किसी को ब्लड की जरूरत रहती है तो हमारे श्रमिक साथी सहर्ष रक्तदान का कार्य करते हैं।

### लर्निंग लाइसेंस शिविर 15 को लोदाम में

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 15 दिसंबर 2025 दिन सोमवार को लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन जशपुर विकास खंड के पुराना पंचायत भवन लोदाम में किया गया है। परिवहन अधिकारी ने बताया कि 15 दिसंबर को जिला परिवहन कार्यालय जशपुर पूर्ण रूप से बंद रहेगी। किसी भी प्रकार का शासकीय कार्यों का सम्पादन नहीं किया जाएगा।



# 12 दिसंबर को रिलीज होगी अखंडा-2

**मुंबई।** 'अखंडा 2: थांडवम' मूल रूप से एक तेलुगू फैंटेसी एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसे बोयापति श्रीनु ने डायरेक्ट किया है। यह 2021 में आई 'अखंडा' का सीक्वल है, जिसमें नंदमुरी बालकृष्ण, और हर्षाली मल्होत्रा के साथ संयुक्ता मेनन, आदी पिनिसेट्टी और कबीर दुहन सिंह प्रमुख भूमिकाओं में हैं। नंदमुरी बालकृष्ण की यह फिल्म, जो पहले 5 दिसंबर को रिलीज से कुछ घंटे पहले पोस्टपोन हो गई थी, अब 12 दिसंबर को रिलीज होगी! पिछले गुरुवार को, मेकर्स ने पोस्टपोन होने की खबर देते हुए फैंस से माफी मांगी थी। भले ही मेकर्स ने पोस्टपोन होने का कारण नहीं बताया, लेकिन समझा जा रहा है कि यह कोर्ट केस के कारण हुआ।

लाइफ Style

# कृतिका

## मशहूर क्रिकेट होस्ट को कर रहीं डेट

वो कहते हैं न कि धुआं वहीं से उठता है, जहां कोई चिंगारी लगी होती है। पिछले कुछ वक्त से अभिनेत्री कृतिका कामरा और टेलीविजन प्रजेंटेटर गौरव कपूर के रिलेशनशिप को लेकर चर्चाएं चल रही थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब अंततः कृतिका ने इन चर्चाओं पर मोहर लगा दी और गौरव कपूर के साथ अपने रिलेशनशिप को ऑफिशियल कर दिया। कृतिका ने एक पोस्ट के जरिए अपने रिश्ते को कंफर्म किया है। बुधवार को कृतिका ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में कृतिका और गौरव दोनों नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में दोनों साथ में ब्रेकफास्ट करते और कॉफी पीते भी नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कृतिका ने कैप्शन में सिर्फ 'ब्रेकफास्ट विद' लिखा है। जाहिर है कि गौरव कपूर का यूट्यूब पर एक शो भी है 'ब्रेकफास्ट विद गौरव कपूर', जिसमें वो क्रिकेट सेलेब्स के साथ बातचीत करते हैं। इन तस्वीरों में कृतिका और गौरव की सेल्फी भी है। साथ ही एक वीडियो भी है, जिसमें दोनों के कॉफी मग पर बेबी लिखा हुआ है। कृतिका और गौरव के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर महीनों से अफवाहें चल रही हैं। खासकर मुंबई में दोनों को साथ देखे जाने के बाद, इनके अफेयर की चर्चाएं बी-टाउन के गलियारों में जोरों पर थीं। लेकिन कपल अपने रिश्ते को छिपाए हुए था। कई बार कपल को बांद्रा के मशहूर रेस्टोरेंट में खाना खाते और अपने दोस्तों के साथ समय बिताते देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला

# देवनागरी लोगो में दिखाया गया नाम



**मुंबई।** काशी के घाटों पर 9 दिसंबर की शाम हॉलीवुड फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश का देवनागरी टाइटल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पेश किया गया। यह पहली बार था जब किसी विदेशी फिल्म का नाम इस तरह देवनागरी लिपि में सार्वजनिक किया गया। अवतार: फायर एंड ऐश 19 दिसंबर को भारत में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी। फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। शाम होते ही घाट पर मंच तैयार था।



# कार्तिक ने जॉनी डेप से की मुलाकात...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने मंगलवार को हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप के साथ एक तस्वीर शेयर कर फैन्स को चौंका दिया। आर्यन, सऊदी अरब के 'रेड सी अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल' के पांचवें एडिशन में शामिल हुए, जहां उनकी मुलाकात जॉनी डेप से हुई। कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को लेकर काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच उन्होंने हॉलीवुड के सुपरस्टार जॉनी डेप से मुलाकात की। कार्तिक आर्यन ने इस मुलाकात की एक झलक शेयर करते हुए 'भूल भुलैया'के अपने किरदार रूहान 'रूह बाबा'और 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन'में डेप के फेमस किरदार जैक स्पैरो का जिक्र किया है।



# करीना को था अक्षय खन्ना के ऊपर क्रश

**मुंबई।** अक्षय खन्ना नई फिल्म धुरंधर की वजह से सुर्खियों में हैं। फिल्म में उनका खतरनाक डकैत रहमान का किरदार और वायरल एंट्री डांस लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। इसी बीच करीना कपूर का एक पुराना वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे खुलकर अक्षय खन्ना को अपना क्रश कहती नजर आ रही हैं। साल 2004 में फिल्म हलचल के प्रमोशन के दौरान करीना ने कहा था, 'मैंने अक्षय की फिल्म 'हिमालयपुत्र'कम से कम 20 बार देखी है। उस समय मैं स्कूल में थी और अक्षय खन्ना सभी लड़कियों के क्रश थे। मैं भी उनके पीछे पूरी तरह पागल थी।' करीना ने आगे कहा, अक्षय बहुत प्यारे, मनमोहक और बेहतरीन इंसान हैं। वे शानदार अभिनेता हैं। हॉलीवुड जाने के लिए सबसे परफेक्ट इंसान वही हैं। वह बहुत क्यूट हैं। फिल्म हलचल का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है।



# 14 को गुवाहाटी में होगा दीवाना तेरा टूर

**मुंबई।** अभी मुझमें कहीं, संदेशे आते हैं, तुमसे मिलके दिल का, बोले चूड़ियां जैसे कई गाने सोनू निगम ने गाए हैं। सोनू को भारत के सबसे कामयाब और बहुमुखी गायकों में से एक माना जाता है। उनकी मधुर आवाज के लोग दीवाने हैं। सोनू जल्द ही अपना 'दीवाना तेरा' टूर शुरू करेंगे। इस टूर के दौरान सोनू कई शहरों में जाकर परफॉर्म करेंगे। सोनू निगम ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की और लिखा, '14 दिसंबर, एक ऐसी रात जो गुवाहाटी कभी नहीं भूलेगी। सोनू निगम- दीवाना तेरा, लाइव।' यह कॉन्सर्ट 9 दिसंबर को गुवाहाटी में हुए पोस्ट मेलोन के शो के ठीक बाद हो रहा है। सोनू निगम ने बताया कि गुवाहाटी से टूर शुरू करना उनके लिए बहुत खास और निजी फैसला है, क्योंकि यह शहर उनके बहुत करीबी दोस्त स्वर्गीय जुबीन गर्ग की यादों से जुड़ा है।

टीवी मसाला




# द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4 का धमाकेदार प्रोमो रिलीज

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का चौथा सीजन जल्द दस्तक देने वाला है। इसका प्रोमो रिलीज करके मेकर्स ने स्ट्रीमिंग डेट का भी ऐलान कर दिया है। इस बार कपिल भी एकदम चार नए अवतार में नजर आएंगे। उनके अलावा कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा और सुनील ग्रोवर भी दर्शकों को खूब हंसाएंगे। कपिल शर्मा एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए आ रहे हैं। उनका नेटफ्लिक्स पर आने वाला शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का चौथा सीजन जल्द ही स्ट्रीम होने वाला है। 10 दिसंबर को शो का मजेदार प्रोमो रिलीज कर दिया गया है। साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। इस बार कपिल शर्मा कॉमेडी को चार गुना बढ़ाने वाले हैं, क्योंकि वो एक नहीं, चार-चार नए अवतार में नजर आएंगे। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रोमो की शुरुआत कपिल शर्मा से होती है, जिसमें उनके चार नए अवतारों से रूबरू करवाया जाता है। उन्होंने पपाराजी पर जोक मारा। स्टैंडअप कॉमेडियन की भी खिल्ली उड़ाई। इसके बाद कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा की कॉमेडी आपको गुदगुदा देगी। सुनील ग्रोवर भी अपने उसी पुराने अंदाज में दिखाई देंग। जज की बात करें तो अर्चना पूरन सिंह के साथ नवजोत सिंह सिद्धू भी होंगे। कपिल शर्मा ने भी इंस्टाग्राम पर प्रोमो पोस्ट करते हुए लिखा, 'इंडिया में मस्तीवर्स में आपका स्वागत है। द ग्रेट इंडियन कपिल शो का नया सीजन देखें। 20 दिसंबर से रात 8 बजे। सिर्फ नेटफ्लिक्स पर।'


## बिग बॉस खत्म होते ही बदला रंग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस के असली रिश्तों का खेल शो से बाहर आने के बाद पता लगता है, क्योंकि बाहर आने के बाद अक्सर तीन महीने में साथ में बिताने वाले यही कंटेस्टेंट एक-दूसरे को पहचानने से भी इनकार कर देते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण बसीर अली और नेहल चुडास्मा हैं, जिन्होंने बिग बॉस में तो लव का खेल खेला, लेकिन बाहर आते ही उन्होंने एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया। अब गिरगिट की तरफ रंग बदलने वालों में तान्या मित्तल का नाम भी शामिल हो गया है, क्योंकि रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने बिग बॉस के घर में जिन्हें अपना कहा, बाहर आते ही सबसे पहले उनसे नाता तोड़ा। बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में तान्या ने ये साफ-साफ कहा था कि वह नीलम गिरी से बाहर मिलेंगी और दोस्ती रखना चाहेंगी, लेकिन अन्य कंटेस्टेंट को वह ब्लॉक लिस्ट में डाल देंगी। हालांकि, तान्या मित्तल ने अपनी बात से बिल्कुल अपोजिट किया है, क्योंकि रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने घर से निकलते ही सबसे पहले अपने सबसे करीबी दोस्त नीलम को ही इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर दिया है।



# शाहरुख ने दुबई में मचाई धूम 'झूमे जो पठान' पर किया डांस

**मुंबई।** शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बहरहाल, इन दिनों शाहरुख दुबई में हैं। दुबई के एक्सपो सिटी सेंटर में शाहरुख खान की शानदार एंट्री हुई। 6,000 से ज्यादा लोग उनके स्वागत में जमा हो गए और पूरा हॉल कॉन्सर्ट जैसा लगने लगा। शाहरुख की विनम्रता ने दुबई में सभी का दिल जीत लिया। दुबई के इस इवेंट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिसमें शाहरुख अपनी फिल्मों के मशहूर डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपना प्रसिद्ध डायलॉग 'क क क किरन' बोला। एक दूसरे वीडियो में उनकी किंग स्टाइल एंट्री दिखी। तीसरे वीडियो में शाहरुख 'झूमे जो पठान'गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ पूरा हॉल झूमता नजर आ रहा है। शाहरुख ने वहां मौजूद फैंस से दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, 'यहां तो ऐसा लग रहा है जैसे कोई कॉन्सर्ट चल रहा हो।' शाहरुख ने अपने फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया और कहा, 'मुझे स्टार बनाने के लिए धन्यवाद।' वहां पर मौजूद लोगों को शाहरुख ने खास सलाह देते हुए कहा, 'जिंदगी में अगर कुछ बदलना है- पैसा, खुशी या



भावनाएं तो इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। अपना बेस्ट दीजिए।' शाहरुख ने अपनी कामयाबी का राज बताते हुए कहा, 'मैं अल्लाह पर पूरा यकीन रखता हूं। मेरी सारी सफलता कड़ी मेहनत की वजह से है। पैसा कभी मकसद नहीं रहा।' शाहरुख जल्द ही फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। इसे सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं।

छावा-कांतारा को पछाड़ नंबर 1 पर सैयारा

# 2025 आईएमडीबी की लिस्ट में इन फिल्मों ने बनाई जगह...

**नई दिल्ली।** साल 2025 जाने को है। इस साल कई फिल्में रिलीज हुई हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की है। कई फिल्मों ने बॉक्स को फाड़कर रख दिया तो कई फिल्में ऐसी रहीं जो कब आई और कब चली गई पता ही नहीं चला। आईएमडीवी ने साल 2025 की टॉप 10 फिल्मों की लिस्ट जारी कर दी है।

**सैयारा :** इस लिस्ट में सबसे पहले नंबर पर सैयारा है। मोहित सूरी की ये फिल्म के साथ अहान पांडे और अनीत पड्डा ने डेब्यू किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की।

**महावतार नरसिम्हा :** साल 2025 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक महावतार नरसिम्हा है। आईएमडीबी की लिस्ट में ये दूसरे नंबर पर है। एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**छावा :** विकी कौशल की फिल्म 'छावा' तीसरे नंबर पर है। इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाया।

**कांतारा: अ लेजेंड चैप्टर 1 :** ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 1' ने बॉक्स ऑफिस



पर ऐसा तूफान मचाया कि कई बड़ी फिल्में इसके आगे फीकी नजर आईं। ये फिल्म आईएमडीबी की लिस्ट में चौथे नंबर पर है। इसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म **Prime Video** पर देख सकते हैं।

**कूली :** सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'कूली' 400 करोड़ के बजट में बनी है। इस मूवी ने लिस्ट में पांचवें नंबर पर जगह बनाई है। ये फिल्म प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम हो चुकी है।


**ड्रैगन :** अनुपमा परमेश्वरन और प्रदीप रंगनाथन स्टारर रिटर्न ऑफ द ड्रैगन फिल्म बड़े पर्दे पर धमाल मचा रही है. अश्वथ मारिमुथु के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 21 फरवरी 2025 को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। लिस्ट ये मूवी छठे नंबर पर है।

**सितारे जमीन पर :** आमिर खान की सितारे जमीन पर एक शानदार फिल्म में है। निर्देशक आर एस प्रसन्ना की सितारे जमीन पर आईएमडीबी की लिस्ट में सातवें नंबर पर है।

## दादामुनि के नाम हुए मशहूर, हिंदी सिनेमा के कहे जाते हैं पहले सुपरस्टार

# अशोक कुमार के फैंस को हटाने के लिए किया जाता था लाठीचार्ज

***नई दिल्ली।** दादामुनि के नाम मशहूर हुए अभिनेता अशोक कुमार हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार कहे जाते हैं। लेकिन स्टारडम की राह अचानक ही उनके लिए खुली। 13 अक्टूबर 1911 को भागलपुर (बंगाल प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश इंडिया) में अशोक कुमार का जन्म हुआ। उनका असल नाम कुमुदलाल गांगुली था। गायक किशोर कुमार, अशोक कुमार के छोटे भाई थे। अशोक के पिता एक वकील थे। एक सामान्य परिवार में जन्मे अशोक का मायनागरी में आना कैसे हुआ? कैसे उन्हें स्टारडम मिला।*



### सामने से मिला हीरो बनने का ऑफर

बॉम्बे टॉकीज में लैबोरेटरी असिस्टेंट का काम करते हुए अचानक एक दिन अशोक कुमार को फिल्म में अभिनय करने का मौका मिला। बॉम्बे टॉकीज के मालिक हिमांशु राय ने फिल्म 'जीवन नैया'से एक्टर नज्म-उल-हसन को किसी निजी कारण से हटा दिया। उनकी जगह अशोक कुमार को हीरो बनाने का फैसला लिया। इस फिल्म में अशोक कुमार की हीरोइन देविका रानी (हिमांशु राय की पत्नी) थीं। वैसे फिल्म के डायरेक्टर का मानना था कि अशोक कुमार का चेहरा हीरो वाला नहीं है। लेकिन, हिमांशु राय नहीं माने और इस तरह अशोक कुमार फिल्मों में हीरो बन गए। लेकिन, हीरो बनना निजी जीवन में उन्हें भारी पड़ गया। दरअसल, परिवार वाले इस बात से खुश नहीं थे, वह फिल्मों में अभिनय करने को सही नहीं मानते थे। इसी वजह से अशोक कुमार की तय हुई शादी भी टूट गई, लड़की वालों ने शादी करने से इंकार कर दिया। पिता भी चाहते थे कि अशोक कुमार एक्टिंग छोड़कर नौकरी करें, लेकिन बॉम्बे टॉकीज के मालिक हिमांशु राय ने उन्हें मना लिया।

### पिता चाहते थे वकील बने

पिता वकील थे तो अशोक कुमार को भी वकील ही बनाना चाहते थे। अशोक भी पिता के बताए हुए रास्ते पर चल पड़े थे। लेकिन वकालत करने के पहले ही साल में वह फेल हो गए। इस बात से अशोक डर गए। उन्हें लगा कि पिता ना जाने इस बात पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे। ऐसे में वह अपनी बड़ी बहन सती देवी के मुंबई वाले घर रहने चले आए। अशोक कुमार के जीजा उन दिनों बॉम्बे टॉकीज में काम करते हैं। अशोक ने उनसे नौकरी लगवाने की गुजारिश, जीजा ने भी उन्हें बॉम्बे टॉकीज में लैबोरेटरी असिस्टेंट का काम दिलवा दिया। इस काम के अशोक कुमार को 75 रुपए मिलते थे, वह भी अपने काम से काफी खुश थे।

### ये बातें भी जानें

***जन्मदिन मनाना बंद कर दिया :** अशोक कुमार को अपनी जिंदगी में गहरा सदमा तक लगा, जब उनके जन्मदिन वाले दिन छोटे भाई किशोर कुमार का निधन हो गया। इसके बाद उन्होंने कभी अपना जन्मदिन नहीं मनाया।*

***न्यूड पेंटिंग बनाते थे :** अभिनय के अलावा अशोक कुमार अच्छी पेंटिंग्स भी बनाते थे। खासकर वह न्यूड पेंटिंग बनाते थे। उन्होंने लगभग 300 से अधिक पेंटिंग बनाई थीं। इसमें कुछ पेंटिंग उनकी पत्नी की भी थीं।*

***अभिनेता ही नहीं सिंगर भी थे :** अशोक कुमार ने अपने अभिनय से जहां दर्शकों का दिल जीता, वहीं अपनी सिंगिंग से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। अशोक कुमार ने हिंदी फिल्मों में कई हिट गाने गाए थे।*

### बने एंटी-हीरो, फिल्म ने की छप्परफाड़ कमाई

कॅरियर की शुरुआत में अशोक कुमार ने पॉजिटिव, हीरो वाले रोल किए। वह स्टारडम की बुलंदियों को छूने लगे। फिर साल 1943 में उन्होंने फिल्म किस्मत में एंटी-हीरो का रोल किया। एक हीरो के लिए यह कदम उठाना बड़ी बात थी। फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपए कमाने वाले पहली हिंदी फिल्म बनी।

### दर्शकों के बीच था गजब का क्रेज

अशोक कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमा रही थीं। दर्शकों के बीच भी उनका गजब का क्रेज बन चुका था। उनका स्टारडम ऐसा था कि जब अशोक कुमार कहीं जाते थे तो हजारों की संख्या में फैंस जमा हो जाते थे। भीड़ इतनी हो जाती थी कि पुलिस को लाठीचार्ज तक करना पड़ता था। आज शायद ऐसा स्टारडम किसी एक्टर के पास हो।

## खबर संक्षेप



### मानसी बनी पुलिस आरक्षक

**सारंगढ़।** मानसी कुर्रे के छत्तीसगढ़ पुलिस जीडी दुर्ग में चयन से कुर्रे परिवार के साथ चन्दाई में खुशी की लहर है। कुर्रे परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण तब आया जब मनोहर कुर्रे की पुत्री मानसी कुर्रे का छत्तीसगढ़ पुलिस चयन आरक्षक जीडी दुर्ग पद पर हुआ। इस उपलब्धि से पूरे परिवार तथा गाँव चन्दाई में उत्साह और हर्ष का माहौल बन गया। मानसी को शुभकामनाएं देने सारंगढ़-बिलाईगढ़ के जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया स्वयं उनके घर पहुंचे।

### एसआईआर को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में प्रतिनिधियों को एसआईआर कार्य में मिले, ऐसे मतदाता जो मृत, पलायन, शिफ्टिंग हुए हैं उन मतदाताओं की जानकारी दिया गया। ऐसे चिन्हित मतदाताओं का बीएलओ पुनः सर्वे करेंगे। विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा नियुक्ति एजेंट बीएलए को सयुंक्त हस्ताक्षर से रिपोर्ट देने के लिए सहयोग करने कलेक्टर ने आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत के 12 राज्य में मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए अंतिम तिथि 11 दिसंबर निर्धारित है।

### जीवित वारिस का नाम हटाकर जारी किया प्रमाण पत्र

**राउरकेला।** लाठीकटा तहसील कार्यालय में जीवित वारिस का नाम हटाकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी करने का मामला सामने आया है। असुरछापल गांव निवासी सुरेन पुरन के छह बच्चों में से पाँच जीवित थे जबकि एक बेटी बास पुरन की मृत्यु 2009 से पूर्व हो चुकी थी। नियम के अनुसार उत्तराधिकार प्रमाणपत्र पाँचों जीवित संतान हरधान पुरन, लता पुरनए सुकमणि पुरन, सारथी पुरन और प्रेमानंद पुरन के नाम पर जारी होना चाहिए था। लेकिन आरोप है कि तहसील कार्यालय ने किसी के इशारे पर साजिश के तहत प्रेमानंद पुरन का नाम सूची से हटाकर केवल चार सदस्यों के नाम पर उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी कर दिया। जीवित पुत्र को वारिस सूची से बाहर करने के पीछे किसका स्वार्थ थाए यह बड़ा सवाल बना हुआ है और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठने लगी है। प्रेमानंद की बेटी सुमित्रा ने सामाजिक कार्यकर्ता दिनबंधु पसायत के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर इस अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाई।

## निधन

### मणी देवी अग्रवाल

**खरसिया।** नगर की प्रतिष्ठित फर्म मांगेलाल रामअवतार एमआर के स्वर्गीय मांगेलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी मणी देवी अग्रवाल का



बुधवार की रात निधन हो गया। ये ऋषि अग्रवाल, कमल अग्रवाल, संजय अग्रवाल की माता थी इन्होंने अपने पिछे बन्धु बंधुओं नाती पोते सहित भरे पूरे परिवार को शोक मग्न कर परलोग गमन कर गई। गुलाब कुंज से इनकी पार्थिव देह की अंतिम यात्रा निकालकर मुक्तिधाम में दाह संस्कार किया।

---

#### जल संरक्षण रैली में शामिल हुए कलेक्टर, किया श्रमदान

# जल संरक्षण और संवर्धन के लिए बरमकेला ब्लॉक से जल संगवारी अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सयुंक्त तत्वावधान में जल ही जीवन है और जल संरक्षण संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी जल संगवारी अभियान की जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत सण्डा से शुरुआत की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें वक्ताओं ने जल संरक्षण के संबंध में विभिन्न जानकारी दी।

इसका लक्ष्य जनभागीदारी से सोख्ता गड्ढे बनाकर नाली में बह रहे पानी को वर्षा जल को संरक्षित करना और भूजल स्तर बढ़ाना हैए ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके और इसे जन आंदोलन का रूप दिया जा रहा है। इस अभियान में प्रशिक्षण, श्रमदान, जागरूकता रैली, पौधारोपण और जल स्त्रोतों की सफाई किया गयाए जिससे ग्रामीण और पर्यावरण दोनों को लाभ मिल रहा है। रैली में महिलाएं व बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जल है तो कल है के नारे के साथ जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश रैली निकालकर ग्रामवासियों दिया। वहीं श्रम दान के तहत कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे और अतिथियों ने ग्रामीण के घर में जाकर नल कलेक्शन के पास पहुंच कर श्रमदान कर सोख्ता गड्ढा खोदा गया जिसमें ग्रामीण महिलाएं बहुत ही खुश होकर बेकार बह रहे पानी उस सोख्ता गड्ढा में जायेगा। वहीं स्कूल परिसर में डॉ संजय कन्नौजे एवं अतिथियों द्वारा पौधा रोपण भी किया गया। जन भागीदारी से 157 सूखता गड्ढा का प्रत्येक घर में निर्माण कराया गया। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे द्वारा उपस्थित सभी लोगों को पानी संरक्षण का संकल्प दिलाया कि वे पानी की बर्बादी नहीं करेंगे। वर्षा जल का संचयन करेंगे नदी तालाब और कुओं को प्रदूषण से बचाएंगे। उन्होंने कहा कि श्यह अभियान सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है।



## सरसीवा में खुला एसडीएम लिंक कोर्ट, ग्रामीणों में खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सरसीवा में लिंक कोट का शुभारंभ हुआ। इस शुभ अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम प्रफुल्ल रजक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस लिंक कोर्ट के उद्घाटन समारोह में तहसील के समस्त राजस्व अधिकारी, पटवारी, लेखपाल, स्थानीय जनप्रतिनिधिए ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। न्यायिक प्रक्रिया को जनता के द्वार तक पहुंचाने के इस महत्वाकांक्षी कदम से राजस्व संबंधी विवादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित होगा, जिससे ग्रामीण जनता को तहसील, कचहरी के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। एसडीएम ने अपने संबोधन में न्याय, पारदर्शिता एवं त्वरित निर्णय की प्रतिबद्धता दोहराई तथा लिंक कोर्ट को जन कल्याण का सशक्त माध्यम बनाने का संकल्प व्यक्त किया। यह आयोजन प्रशासनिक सुशासन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस शुभ अवसर पर बीजेपी छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता वेदराम जांगड़े, रेशम कुर्रे, सुनील शर्मा, श्यामू पांडे, कार्तिकेश्वर यादव, राजेंद्र निराला, प्रदीप यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी तलईपल्ली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कि औपचारिक तैनाती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती निलिमा रानी सिंह, महानिरीक्षकए सीआईएफ मध्य सेक्टर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया।

समारोह में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, तलईपल्ली परियोजना, दया शंकर, उप महानिरिक्षक, सीआईएफ मध्य क्षेत्र, श्रीमती पियाली शर्मा, उप महानिरिक्षक, सीआईएफ मध्य खंड, तथा सीआईएफ एवं एनटीपीसी तलईपल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गार्ड ऑफ ऑनर से हुई, जिसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया अथवा और सीआईएफ ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। सीआईएफ कर्मियों द्वारा आकर्षक मॉक ड्रिल प्रस्तुत की गई, जिसने उनकी तत्परता और क्षमताओं का प्रभावी प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान बताया गया कि तलईपल्ली परियोजना की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा 256 जवानों की तैनाती स्वीकृत की गई है। जो परियोजना के सुरक्षा ढांचे को नई मजबूती प्रदान करेंगे। अखिलेश सिंह ए परियोजना प्रमुख ने सीआईएफ की तैनाती को परियोजना की प्रगति में मील का पत्थर बताया। मुख्य अतिथि श्रीमती नीलिमा रानी सिंह, महानिरिक्षक, परियोजना के प्रति केऔसुब की पूर्ण प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। तत्पश्चात अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। परियोजना प्रमुख ने मॉडल चाबी मुख्य अतिथि महानिरिक्षक को सौंपकर तलईपल्ली खदान में सुरक्षा के नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीकात्मक उद्घाटन किया गया।

### गीता जयंती और शौर्य दिवस पर भगवा पदयात्रा

**राउरकेला।** पवित्र गीता जयंती एवं शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से बिसरा चौक से एक विशाल एवं भव्य भगवा पदयात्रा निकाली गई। बिसरा चौक मधुसूदन चौक, ओल्ड टैक्सी स्टैंड, नाला रोड चौक, प्लांट साइट चौक, डेली मार्केट, कचहरी रोड व मुख्य मार्गों से होते हुए यह पदयात्रा उदितनगर के आंबेडकर चौक तक पहुच कर खत्म हुई। भगवा ध्वजों के बीच शहर भर में जय श्री राम के जयघोष गूंजता रहा। माहौल पूरी तरह भक्तिमय तथा उत्साहपूर्ण बना रहा। पदयात्रा में शामिल सैकड़ों कार्यकर्ता भगवा ध्वज लहराते हुएए डीजे की धुन पर नृत्य करते और उत्साह से भरे नारे लगाते आगे बढ़ते दिखे। मार्ग में कई स्थानों पर लोगों ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस पदयात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रमुख पदाधिकारियों ने किया।

## घरघोड़ा कॉलेज में मना जनजातीय गौरव दिवस



**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय समाज की सांस्कृतिक गौरव.गाथा, जीवन.शैली, ऐतिहासिक धरोहर एवं सामाजिक विकास की संभावनाओं पर विद्यार्थियों को सम्यक ज्ञान प्रदान करना था।

यह कार्यक्रम हिन्दी विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में संयोजित था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुशील कुमार एक्का प्राचार्य शासकीय पीडी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, विशिष्ट वक्ता डॉ. पतरस किण्डो प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पुसौर तथा विशिष्ट वक्ता डॉ. बालकिशोर भगत सहायक प्राध्यापक हिंदी शासकीय किशोरीमोहन त्रिपाठी कन्या महाविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिक डॉ. श्रुति श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा.अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को पावन एवं मंगलमय बना दिया। तत्पश्चात पुष्पगुच्छ प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार अग्रवाल ने स्वागत उद्बोधन एवं आशीर्वचन प्रदान करते हुए जनजातीय समुदाय की सांस्कृतिक गरिमा और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. चन्द्रशेखर सिंह कार्यक्रम संयोजकद्ध ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के सांस्कृतिक खण्ड में विद्यार्थियों द्वारा जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति को प्रतिबिम्बित करते हुए उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन तथा जनजातीय परंपराओं से संबंधित कलात्मक प्रदर्शनी भी आकर्षण का केन्द्र रही। मुख्य अतिथि डॉ. सुशील कुमार एक्का ने अत्यंत प्रासंगिक एवं व्यावहारिक शैली में विद्यार्थियों को संबोधित किया।



## आज से कोसीर में पांच दिवसीय मड़ई मेला शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर का प्रसिद्ध मडाई मेला पूरी तरह से सज कर तैयार हो गया है।आज पूजा पाठ के साथ शुभारंभ किया जाएगा।

इस विशेष अवसर पर सरपंच सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कोसीर का यह प्रसिद्ध मड़ई महोत्सव बहुचर्चित है, जिसके फलस्वरूप आसपास दूरदराज से हजारों की संख्या में लोग मेला पहुंचकर आनंद उठाते हैं। मेला शुक्रवार पहले दिन से ही मेला में काफी भीड देखने को मिल जाता था। अब शुरु दिन बाजार व शुरूआत में उद्घाटन पूजा-पाठ के कारण दूसरे दिन से ही मेला पूरी तरह भरता है जो लगातार पांच दिन तक चलता है। मेला में आसपास और दूर दराज से लोग पहुच कर मेला का आनंद उठाते है। मेले में विभिन्न प्रकार की झूलों में आकाश,डिस्को, डैगन, टोरटोरा व अन्य छोटे बड़े झूले काफी आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। मड़ई मेला का असली रौनक राउत नाच ह है। मेला मे राउत लोगों की टोली विभिन्न वेषभूषा के साथ नृत्य कर अपनी शौर्य प्रदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं।

## अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर न्यायाधीश और अधिवक्ताओं ने किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा




अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में जिला अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा न्यायिक परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम तालुका घरघोड़ा के पैरालीगल वालिंटियर एवं अधिवक्ता संघ घरघोड़ा के द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में न्यायाधीश दामोदर प्रसाद चन्द्रा एवं न्यायाधीश सुश्री प्रीति झा के अध्यक्षता में हुआ। सर्वप्रथम अधिवक्ता संघ के द्वारा न्यायाधीशों का स्वागत कर उपस्थित आम नागरिकों एवं पक्षकारों को विश्व मानव अधिकार दिवस के महत्व के बारे में बताते हुए मानव के दायित्व के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई, मानवाधिकार सभी व्यक्तियों को समान रूप से प्राप्त होते हैं, चाहे उनकी जातिए धर्म भाषाए लिंग वर्ग या राष्ट्रीयता कुछ भी हो। आगे उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण निशुल्क कानूनी सहायता के विषय पर भी जानकारी दी। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी राजेश सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि मानव का मनुष्यकुल में जन्म लेने के साथ ही मनुष्य को कुछ अधिकार प्राप्त हो जाते हैं जिसका संरक्षण करना हम सब की नैतिक एवं मौलिक दायित्व है। किसी भी व्यक्ति को किसी दूसरे व्यक्ति के प्रति घृणा का भाव रखे बिना उसके भोजन पहनावा अभिव्यक्ति एवं सामान्य जीवनयापन के अधिकार से उसे वंचित न करना ही मानव अधिकार है। आगे कार्यक्रम में अधिवक्ता देवेंद्र पण्डा द्वारा गांव में फैले कुरीतियों और बात बात में होने वाले हिंसा तथा टोनही प्रताड़ना के संबंध में कानूनी जानकारी के साथ साथ इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा लोगों को महिलाओं के घरेलू हिंसा, मानव तस्करी, बाल विवाह, बाल श्रम तथा वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण के विषय पर भी लोगों को जानकारी दिए। अंत में पर्चे बांट कर आगामी नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर के बारे में जानकारी दिया गया। यह कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश जितेंद्र जैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार रायगढ़ एवं विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।




## वेतन केंद्र प्रभारी ने किया छात्रावास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

सारंगढ़ वेतन केंद्र प्रभारी विमल कुमार अजगल्लेने प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास छिंद का निरीक्षण किया। जिसमें छात्रावास में उपलब्ध टेलीविजन, कम्प्यूटर व प्रोजेक्टर को चालू स्थिति में पाया गया।

खाद्यान्न सामग्री, रसोई कक्ष का अवलोकन किया गया जिसमें सुव्यवस्थित मिलने पर प्रसन्नता जाहिर किया। नल ऑरो की त्वरित मरम्मत कराने के लिए निर्देश दिया गया। अधीक्षिका को बागवानी एवं कीचन गार्डन को और बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। विशेष कोचिंग क्लास संचालन की जानकारी बच्चों से लिया। बच्चों की उपस्थिति एवं बेहतर वातावरण के लिए प्रशंसा कर प्रोत्साहित किया गया। छात्रावासी बालिकाओं से समस्या पूछा गया जिसमें बच्चों ने बिजली की समस्या के निदान के लिए सौर ऊर्जा एवं इनवाइटर की मांग रखी। पानी की समस्या के लिए नई बोर खनन कराने की मांग के साथ खेल मैदान व खेल एवं जिम सामग्री की मांग बच्चों द्वारा किया गया।

---

**NAME CHANGE**

It is notified to the general public that I Ashok Agrawal S/o Vishnu Bhagwan Agrawal, Resident of Raigarh (C.G). I swear that i have given up my old name Ashok Agrawal S/o Vishnu Bhagwan Agrawal and have taken the new name Ashok Kumar Agrawal S/o Vishnu Bhagwan Agrawal. Therefore, from today onwards I should be know and identified by my new name Ashok Kumar Agrawal S/o Vishnu Bhagwan Agrawal in all the government, semi-government and other documents.

**Ashok kumar Agrawal S/o Vishnu Bhagwan Agrawal Hno. 960, ward No.-5, behind ganga nursing home, jagatpur, Raigarh, Chhattisgarh 496001**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तमनार, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक
202511041000005/अ-21/2025-26
साकिन - औराईमुड़ा प.ह.नं. 01

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाना है कि आवेदक सेतराम सारथी पिता जोधीराम सारधी निवासी ग्राम औराईमुडा तहसील तमनार जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम औराईमुडा स्थित आवेदक के भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 300/4 में से 10 डिसमिल भूमि को निजी कार्य हेतु रकम की आवश्यकता होने से उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ को प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) घरघोड़ा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त तिथि पर किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24/12/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दादा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
तमनार**

#### विधायक ने धान खरीदी केंद्रों का लिया जायजा

# किसानों से प्रति बोरी 4 रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर



सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े ने अपने प्रतिनिधि दल के साथ बरदुला एवं उलखर धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरदुला केंद्र में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिससे किसानों में गहरी नाराज़गी और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए। निरीक्षण के दौरान किसानों से प्रति बोरा 4 रुपए अतिरिक्त वसूले जा रहे थे। इसके अलावा तौल में भी गड़बड़ी सामने आई है, जहां प्रति बोरा 41 किलो 500 ग्राम तौल कर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इस तरह की अनियमितताओं के कारण ग्रामीणों में काफी समय से असंतोष व्याप्त था, लेकिन निरीक्षण में यह पहली बार आधिकारिक रूप से उजागर हुआ। निरीक्षण के दौरान विधायक उत्तरी जांगड़े के साथ विधायक प्रतिनिधि गणपत जांगड़े, जिला कांग्रेस महामंत्री विष्णु नारायण चन्द्रा, पूर्व जनपद सदस्य भागीरथी चन्द्रा, पूर्व मंडी अध्यक्ष राम नारायण चन्द्रा पूर्व सरपंच राजेंद्र साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरीश चन्द्रा विधायक प्रतिनिधि दाऊ लाल साहू, सहित कई अन्य स्थानीय पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

### नहीं कट रहा था टोकन, विधायक ने लगाई फटकार

ग्राम छुहीपाली के किसान सुखराम बरेठा ने निरीक्षण दल को बताया कि उनके धान खरीदी के लिए टोकन जारी नहीं किया जा रहा जिस कारण उन्हें कई दिनों से केंद्र के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि कई बार अनुरोध के बाद भी केंद्र से सिर्फ बहाने मिल रहे थे, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही थी। विधायक उत्तरी जांगड़े ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्र के प्रबंधक अशोक चन्द्रा को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद तुरंत किसान का टोकन काटा गया।

